भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 3484
सोमवार, 23 मार्च, 2026 (2 चैत्र, 1948 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

त्रिची विमानपत्तन के रनवे का विस्तार

3484. श्रीमती राजाथी:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को त्रिची अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन पर रनवे का विस्तार करने के लिए कोई औपचारिक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो विस्तार प्रक्रिया के संबंध में प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) इस परियोजना की लागत और परियोजना के पूर्ण होने की अनुमानित समय-सीमा क्या है; और

(घ) लंबी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को सुगम बनाने और क्षेत्रीय कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विमानपत्तन को बड़े आकार के विमानों के संचालन में सक्षम बनाने हेतु क्या उपाय किए जाएंगे?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ): त्रिची हवाईअड्डे के दीर्घकालीन विकास के लिए राज्य सरकार से 512.52 एकड़ भूमि के लिए अनुरोध किया गया था, जिसमें से 457 एकड़ भूमि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को सौंप दी गई है। कोड ई प्रकार के विमानों के परिचालन के लिए रनवे के विस्तार, यात्री यातायात की आवश्यकता के अनुसार एप्रन सहित नए टर्मिनल भवन और अन्य संबंधित एयरसाइड और सिटी साइड सुविधाओं के लिए भूमि का अनुरोध किया गया था। राज्य सरकार द्वारा बिना किसी बाधा के शेष भूमि सौंपे जाने के अध्यधीन इस हवाईअड्डे पर काम शुरू किया जाएगा।

****